23 12 24

Tender Heart High School, Sector- 33 B Chandigarh


कक्षा - तीसरी  विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'क्रिया'  शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

सुप्रभात बच्चो !

यह कार्य कक्षा - तीसरी, विषय - हिन्दी व्याकरण से लिया गया है। हमारा आज का उपविषय है- क्रिया।

बच्चो ! आज हम क्रिया के विषय में पढ़ेंगे। क्रिया यानि कि 'काम वाले शब्द'। हम सभी दिनभर कुछ न कुछ काम करते हैं। नीचे दिए गए चित्रों को देखकर जानिए कि यहाँ ये सब क्या काम कर रहे हैं?



चाचा जी कार चला रहे हैं।



नाना जी अखबार पढ़ रहे हैं।



कुत्ता भौंक रहा है।



रवि सो रहा है।

कक्षा - तीसरी विषय- हिन्दी व्याकरण

उपविषय 'क्रिया' शिक्षिका-कल्पना शर्मा

इन चित्रों में चला, पढ़, भौंक तथा सो शब्दों से काम के होने का पता चल रहा है। इन काम बताने वाले शब्दों को क्रिया कहते हैं- अर्थात

किसी काम का होना या करना क्रिया कहलाता है।

- क्रिया अधिकतर वाक्य के अंत में होती है।
- क्रिया के बिना वाक्य अधूरे हैं।
- क्रिया का रूप लिंग तथा वचन के अनुसार बदलता है; जैसे-

1) लड़का दौड़ता है। 2) लड़की दौड़ती है।

★ वचन के अनुसार -

1) बच्चा पढ़ता है। 2) बच्चे पढ़ते हैं।

आइए, कुछ अन्य क्रिया शब्द जानें।

खाना पीना सोना कूदना नहाना खेलना

हँसना रोना बनाना धोना सुनना बोलना

वाक्यों में इन क्रियाओं के उचित रूप का प्रयोग किया जाता है; जैसे -

| | | क्रियाएँ |
|---|---|---|
| 1. | सोनिका झूला झूल रही है। | ( झूलना ) |
| 2. | माली घास काट रहा है। | ( काटना ) |
| 3. | मीनू रस्सी कूद रही है। | ( कूदना ) |
| 4. | बच्चे आइसक्रीम खा रहे हैं। | ( खाना ) |

कक्षा - तीसरी                    विषय - हिन्दी व्याकरण


उपविषय - 'क्रिया'                    शिक्षिका - कल्पना शर्मा

बच्चों, चलिए अब पाँच मिनट की ब्रेक लेते हैं। ब्रेक में आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी नोटबुक में लिखोगे।

★ चित्र देखकर उनमें होने वाली क्रियाएँ लिखिए -


1.  बच्चा दूध पी रहा है।

2.  बच्चा तैरकी कर रहा है।

3.  पक्षी उड़ रहे हैं।

4.  बच्चे खेल रहे हैं।

5.  सूरज चमक रहा है।

6.  मोहन पत्र लिख रहा है।

(ब्रेक का समय समाप्त)

ऊपर पूछे गए प्रश्न का उत्तर हैं - 1) पीना 2) तैरना 3) उड़ना 4) खेलना 5) उगना 6) लिखना।

कक्षा - तीसरी विषय - हिन्दी व्याकरण

उपविषय - 'क्रिया' शिक्षिका - कल्पना शर्मा

बच्चो! अब आपको क्रिया के बारे में काफी ज्ञान हो गया होगा। अब मैं आपको कुछ गृहकार्य देने जा रही हूँ।

**गृहकार्य — उचित क्रिया शब्द द्वारा वाक्य पूरे कीजिए—**

1) सुहाना झूला झूल रही है। (झूलना)

2) माँ गाजर का हलवा बना रहीं हैं। (बनाना)

3) शिक्षक बच्चों को पढ़ाती हैं। (पढ़ाना)

4) बच्चे फुटबॉल खेल रहे हैं। (खेलना)

5) आकाश में बिजली चमक रही है। (चमकना)

6) विपुल टेलीविज़न देख रहा है। (देखना)

7) माता जी सब्ज़ियाँ काट रहीं हैं। (काटना)

8) चलो, नदी किनारे चलते हैं। (चलना)

9) बगीचे में अनेकों फूल खिले हैं। (खिलना)

10) ठंडी-ठंडी हवा चल रही है। (चलना)

बच्चो! पिछली बार हमने 'क्रिया' के विषय में केवल पढ़ा था। इस बार 'क्रिया' को हम पढ़ेंगे भी और याद भी करेंगे। इस बार यह विषय (क्रिया) आपके पाठ्यक्रम में शामिल किया गया इसलिए इसे अच्छी तरह से समझने का प्रयास करें। (Last Page)